गुजरात के सौराष्ट्र प्रदेश में कोयले और तांबे आदि के निक्षेप

800. **श्री धर्मसिंह भाई पटेल** : क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात के सौराष्ट्र प्रदेश में ओसाम, आलेच बार्डी, गिरनार, गिर, कच्छ, सैनरुजय आदि पाहड़ियों और अन्य छोटी पहाड़ियों में कोयले, तांबें, चूने के पत्थर, जस्ता, सीसा, एल्यूमिना, बौक्साइट आदि के निक्षेप हैं;

(ख) क्या सरकार ने गुजरत के सौराष्ट्र प्रदेश में खनिज निक्षपों के लिए सर्वेक्षण कराया है या कराने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) अनुमानत: कितनी मात्रा में यह निक्षेप मिलने की संभावना है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री करिया मुण्डा) : (क) जी, हां।

(ख) भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने सौराष्ट्र क्षेत्र में अनेक खनिज भंडारों का पता लगाया है और आगे का खोज कार्य जारी है।

(ग) और (घ). अब तक हुए खोज कार्य के फलस्रूप विभिन्न जिलों में अनुमानित खनिज भंडार नीचे दिए गए हैं :—

	भंडार (मिलियन टनों में)
1. बौक्साइड	
अमरेली . . .	0.146
भावनगर	5.00
जामनगर	16.21, 20.34 (बौक्साइट क्ले)
जूनागढ़	27.98
2. बेन्टोनाइट	
सौराष्ट्र क्षेत्र	12.00
3. केलसाइट	
अमरेली	0.859
जूनागढ़	0.029
4. कोयला	
सौराश्ट्र क्षेत्र	2.9
5. चूना पत्थर	
अमरेली	64.5
भावनगर	20.00
जामनगर	5.00
जूनागढ़	30.00
6. फायर क्ले	
सुरेन्द्र नगर	9.747
7. जिप्सम	
जामनगर	0.175
8. गेरू	
सुरेन्द्र नगर	3.00
राजकोट	0.5